# D.B.K.N. COLLEGE, NARHAN

SAMASTIPUR (BIHAR) PIN - 848211

*(A CONSTITUENT COLLEGE OF L.N. MITHILA UNIVERSITY, DARBHANGA)*

*Principal*

Letter No : ..........................

Date : ..................................

## आवश्यक सूचना

महाविद्यालय में CBCS based Degree Semester-I सत्र (2024–28) में नामांकन हेतु इच्छुक सभी छात्र–छात्राओं / शिक्षकों एवं अभिभावकों को सूचित किया जाता है कि इस वर्ष Semester-I के प्रथम एवं द्वितीय चरण की प्रक्रिया(Document verification तथा Admission Register में entry) offline होगी जबकि तृतीय चरण की प्रक्रिया (Fee Collection तथा Roll No का आवंटन) College Website के माध्यम से ऑनलाईन होगी।

नामांकन हेतु छात्र/छात्राओं द्वारा प्रस्तुत संलग्न कागजातों की वैधता की जाँच तथा नामांकन पंजी पर छात्र–छात्राओं का हस्ताक्षर तथा Records entry का कार्य निम्नांकित रूप में संपन्न किया जाएगा:–

**Step 1: -** छात्र/छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए कागजातों / नामांकन की बैधता की जाँच:–

**01.** सभी विज्ञान एवं वाणिज्य विषय:– **Dr. Yash Ranjan (Control Room)**

**02.** सभी भाषा विषय:– **Dr. Binay Kumar Raman(Teacher's Hall)**
(Hindi, Maithili, Urdu, Sanskrit & Eng.)
एवं
कला संकाय (ग्रूप–1)
(Geo, Psychology., Music, , AIH & C, H. Sc.)

**03.** कला संकाय (ग्रूप–2) **Dr. Sushil Kumar (Teacher's Hall)**
(History, Phil , Sociology, Economics Pol. Sc.)

**Step 2: - Offline** नामांकन एवं नामांकन पंजी पर छात्र–छात्राओं का हस्ताक्षर :–

**Counter - 01** सभी विज्ञान एवं वाणिज्य विषय :– **1.** श्री संजय कुमार

**Counter - 02** कला संकाय, ग्रूप–2 (**History, Philosophy, Sociology, Economics Pol. Sc.**) **1.**श्री पंकज कुमार

**Counter - 03** सभी भाषा विषय (Hindi, Maithili, Urdu, Sanskrit & Eng.):– **1.** श्री नरेन्द्र कुमार

**Counter - 04** कला संकाय, ग्रूप–1 (**Geography, Psychology., Music, , AIH & C, Home Sc.**) **1.**श्री वीरेन्द्र कुमार

**Step 3:- Step 2** की समाप्ति के उपरांत 24 घंटे के बाद संबंधित छात्र/छात्रा का कॉलेज पोर्टल पर नामांकन हेतु लिंक generate कर दिया जाएगा, जिस पर नामांकन शुल्क जमा करते हुए पावती रसीद की प्रति निकालकर अपने पास संरक्षित रखना सुनिश्चित करेंगे। **छात्र/छात्राओं द्वारा Step-3 की प्रक्रिया कर लेने के बाद ही नामांकन प्रक्रिया पूर्ण समझी जायेगी। ऐसा नही होने पर नामांकन स्वतः रद्द समझा जायेगा।**

नोट:– College Website पर छात्र/छात्राओं का Payment portal generate करने एवं LNMU Portal पर Updation का कार्य सभी विज्ञान संकाय, वाणिज्य संकाय एवं कला संकाय(ग्रूप– 2) के लिए श्री पतंजलि कुमार तथा कला संकाय(भाषा विषय) तथा कला संकाय(ग्रूप– 1) के लिए श्री प्रकाश गौतम करेंगे।

20/06/2024
प्रधानाचार्य

Amit 20/06/24

# D.B.K.N. COLLEGE, NARHAN

## आवश्यक सूचना

B.A./ B.Sc./ B.Com. Part-1 सत्र 2024–28 में प्रथम चयन सूची में नाम आये हुए सभी छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि उनका नामांकन दिनांक–24/06/2024 से 04/07/2024 तक प्रत्येक कार्य दिवसों में दोपहर 11 बजे से 02:30 बजे तक महाविद्यालय में निर्धारित जगह पर होगा। संबंधित काउंटर की सूची संलग्न है।

छात्र–छात्राओं को नामांकन के लिए निम्नांकित कागजात अपने साथ verification हेतु साथ लाना अनिवार्य है:–

1. Admission Selection Letter.
2. Common Application Form (CAF)
3. CLC की मूल प्रति।
4. Admit Card की स्व–अभिप्रमाणित छायाप्रति।
5. Mark Sheet की स्व–अभिप्रमाणित छायाप्रति।
6. Passport Size Photo दो ।
7. जाति प्रमाण–पत्र/आय प्रमाण–पत्र आदि जहाँ लागू हो।
8. प्रवजन प्रमाण–पत्र की मूल प्रति जहाँ लागू हो।

## निर्धारित शुल्क

1. **For Non-Practical Subjects**: -

| | |
|---|---|
| Part A – | 975/- |
| Part B – | 1280/- |

**Total 1st Semester Fee(A+B)- 2255/-**

2. **For Practical Subjects: -**

**Science Subjects, Geography, Psychology, Home Science and Music**

| | | |
|---|---|---|
| (A) | Total 1st Semester Fee – | 2255/- |
| (B) | Lab Fee (Per Semester) – | 600/- |

**Total 1st Semester Fee(A+B)- 2855/-**

3. सभी कोटि की छात्राओं तथा SC/ST कोटि के छात्रों को नामांकन शुल्क देय नहीं होगा। संबंधित छात्र/छात्राओं को **Internal Assessment Examination** के लिए 120/-, **Identity Card** के लिए 30/.(केवल प्रथम सेमेस्टर में), COR मद में 50/- तथा विविध शुल्क मद में 50/- कुल 250/- शुल्क देय होगा।

20/06/2024
प्र० प्रधानाचार्य

20/06/24

# ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय

कामेश्वरनगर, दरभंगा–846004

पत्रांकः ..................                                                                 दिनांक ..............

सेवा में,

**प्रधानाचार्य,**

सभी अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालय,

ल० ना० मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा।

**विषयः– चार वर्षीय स्नातक प्रथम सेमेस्टर कला, विज्ञान एवं वाणिज्य (प्रतिष्ठा) सत्र 2024–28 (सी0बी0सी0एस0) में नामांकन हेतु प्रकाशित प्रथम चयन सूची से नामांकन संबंधित दिशा–निर्देश।**

**महाशय,**

उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि चार वर्षीय स्नातक प्रथम सेमेस्टर कला, विज्ञान एवं वाणिज्य (प्रतिष्ठा) सत्र– 2024–28 सी0बी0सी0एस0 के तहत नामांकन हेतु चयन सूची विश्वविद्यालय के बेवसाईट www.lnmu.ac.in पर जारी कर दी गयी है। अभ्यर्थियों का नामांकन हेतु चयन उनके द्वारा ऑनलाईन आवेदन में भरे गये महाविद्यालय–वरीयता, अन्तर–स्नातक के प्राप्तांक के आधार पर तैयार मेधा अंक एवं राज्य सरकार के आरक्षण नियमावली के अनुसार किया गया है। प्रधानाचार्य से अनुरोध है कि चयन सूची के आधार पर ***दिनांक– 24.06.2024 से 04.07.2024 तक*** आवंटित विषय में हीं छात्र–छात्राओं का नामांकन लिया जाय। नामांकन में निम्न बिन्दुओं पर विशेष रूप से ध्यान दिये जाने की आवश्यकता हैः–

1. छात्र/छात्रा अपना चयन–पत्र (Selection letter) आवेदन आई–डी (Application I.D) एवं जन्म तिथि (Date of Birth) या यूजर आई डी (ई–मेल) एवं पासवर्ड (Password) के द्वारा लॉग–इन (login) कर अपना सेलेक्शन लेटर डाउनलोड कर सकते हैं।
2. यह चयन सूची आवेदकों द्वारा आवेदन में भरे गये तथ्यों के आधार पर तैयार की गयी है। अतएव ***प्रधानाचार्य आवेदकों द्वारा आवेदन प्रपत्र में भरे गये तथ्यों की जाँच कर एवं सभी प्रकार से सही पाये जाने की स्थिति में ही नामांकन सुनिश्चित करेंगे।***
3. आरक्षण कोटि एवं लिंग (Gender) में कोई भी परिवर्तन महाविद्यालय या विश्वविद्यालय द्वारा नहीं किया जायेगा। यदि छात्र/छात्रा आरक्षरण कोटि के अधीन नामांकन हेतु आवेदन किये हैं, तो ऐसे छात्र/छात्राओं के आरक्षण कोटि के प्रमाण–पत्रों की जाँच कर नामांकन लेंगे। छात्र/छात्राओं द्वारा ऑनलाईन आवेदन में भरे गये आरक्षण कोटि के आधार पर प्रमाण–पत्र प्रस्तुत नहीं करने पर ऐसे छात्र/छात्राओं का नामांकन नहीं लेगे तथा ऑनलाईन आवेदन में किसी छात्र/छात्रा द्वारा अहर्ता (प्राप्तांक) संबंधी गलत सूचना दिया गया हो तो चयन सूची से नामांकन के उपरान्त भी वैसे छात्र/छात्राओं का नामांकन महाविद्यालय द्वारा नहीं लिया जाय। नामांकन के उपरान्त छात्र/छात्राऐं आरक्षण कोटि, प्राप्तांक एवं लिंग में सुधार के लिए आवेदन देते हैं तो, उन छात्र/छात्राओं का नामांकन को रद्द करते हुए अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को सूचित करेंगे, एतद् संबंधी Undertaking नामांकन के समय महाविद्यालय द्वारा छात्र/छात्राओं से लिया जाय।



20/06/24

4. कॉमन अप्लीकेशन फॉर्म (CAF) भरते समय यदि छात्र/छात्राओं द्वारा स्वयं के नाम, माता का नाम/पिता का नाम या जन्म तिथि में कोई Minor Mistake हुआ हो तो उसके सुधार के लिये भी एक मौका नामांकन के समय दिया जायेगा, छात्रों से आवेदन प्राप्त कर आवश्यक सुधार करेंगे। महाविद्यालय द्वारा त्रुटि को सुधार करते हुए डैस–बोर्ड पर अपडेट किया जायेगा, इस संबंध में कोई भी संशोधन Matriculation के Marks Sheet या Certificate के आधार पर ही सुधार किया जायेगा। इन परिविष्टियों में पूर्ण परिर्वतन किसी भी हालत में नहीं किया जायेगा।
5. महाविद्यालय स्तर से अभ्यर्थियों का किसी भी परिस्थिति में ***मेजर*** (Major) विषय का परिवर्तन नहीं करेंगे।
6. विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत डैस–बोर्ड पर प्रत्येक दिन नामांकित छात्र/छात्राओं का Admission Update अनिवार्य रूप से करेंगे। Admission Updation के उपरान्त नामांकित छात्रों को स्वतः विश्वविद्यालय क्रमांक जारी हो जायेगा जो पंजीयन संख्या एवं विश्वविद्यालय स्तरीय सभी परीक्षा का क्रमांक होगा, जो संबंधित छात्र/छात्राओं को ससमय हस्तगत करा दी जाय।
7. आवेदक यदि ऑनलाईन आवेदन में ऐसे माईनर (Minor) /आई0डी0सी0 (Interdisciplinary) विषय भरे है जो आपके महाविद्यालय में पढ़ाई नहीं होती है तो प्रधानाचार्य अपने स्तर से विषय परिवर्तन कर, इसी अनुरूप नामांकन अपडेट करेंगे।
8. विश्वविद्यालय द्वारा Registration Slip जारी होने से पूर्व यदि कोई छात्र अपना नामांकन रद्द कराते हैं तो संबंधित प्रधानाचार्य अपने स्तर से उस नामांकन को Cancel करते हुए सभी मूल आलेख आवेदको को वापस करेंगे, लेकिन Registration (पंजीयन) होने के बाद यदि कोई छात्र पढ़ाई छोड़ना चाहते हैं तो संबंधित प्रधानाचार्य Transfer Certificate निर्गत करते हुये, ऐसे छात्रों की एक समेकित सूची बनाकर परीक्षा नियंत्रक को समर्पित करेंगे ताकि ऐसे छात्र/छात्राओं परीक्षा प्रपत्र नहीं भर सके।
9. **छात्र/छात्राओं को अलग से नामांकन–फॉर्म वितरण करने की आवश्यकता नहीं है। सभी अंगीभूत तथा संबद्ध महाविद्यालय नामांकन फॉर्म तथा Prospectus आदि के लिये कोई शुल्क अलग से छात्रों से नहीं लेंगे।**
10. चार वर्षीय स्नातक प्रथम सेमेस्टर कला, विज्ञान एवं वाणिज्य सत्र– 2024–28 में नामांकित छात्र/छात्राओं का प्रेरण वर्ग (Induction Programme) आयोजित कर वर्गारंभ दिनांक– 08.07.2024 से करेंगे।
11. परीक्षा संबंधी विनयमन के अनुसार छात्र/छात्राओं की 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। अतः कम उपस्थिति वाले छात्र/छात्राओं की सूचनायें सभी प्रधानाचार्य ससमय परीक्षा नियंत्रक के दे देंगे।
12. नामांकन के समय निम्नांकित कागजात छात्र/छात्राओं से लिए जाएँ:–
    **क)** एडमिसन सेलेक्शन लेटर।
    **ख)** कॉमन एप्लिकेशन फॉर्म (सी0 ऐ0 एफ0)
    **ग)** महाविद्यालय/विद्यालय परित्याग प्रमाण–पत्र की मूल प्रति।
    **घ)** प्रवेश पत्र की छाया–प्रति। (स–अभिप्रमाणित)
    **ड़)** अंक–पत्र की छाया–प्रति। (स–अभिप्रमाणित)
    **च)** पासपोर्ट साईज अद्यतन फोटो की दो प्रतियाँ।

**छ)** जाति प्रमाण–पत्र / आय प्रमाण–पत्र आदि जहाँ लागू हो। (स–अभिप्रमाणित)

**ज)** आधार कार्ड की छाया–प्रति। (यदि हो) (स–अभिप्रमाणित)

**झ)** प्रव्रजन प्रमाण–पत्र (Migration Certificate) की मूल प्रति जहाँ लागू हो। (यदि हो)

उपरोक्त वर्णित कागजातों की जाँच करने के उपरान्त ही नामांकन लिया जाय।

*नोटः– प्रधानाचार्य नामांकित छात्र / छात्राओं का डैस–बोर्ड पर दिनांक– 06.07.2024 तक निश्चित रूप से अपडेट कर लेंगे, जिन अभ्यर्थियों के नामांकन को महाविद्यालय द्वारा* ***Dash Board*** *पर ऑनलाईन के माध्यम से अंतिम रूप से* ***Update*** *नहीं किया जायेगा तो यह समझा जायेगा कि संबंधित छात्र नामांकन हेतु महाविद्यालयों में उपस्थित नहीं हुए। प्रथम चयन सूची के आधार पर लिये गये नामांकन के उपरान्त कोटिवार बचे हुए रिक्त सीट पर विश्वविद्यालय द्वारा द्वितीय चयन सूची जारी किया जायेगा।*

माननीय कुलपति महोदय के आदेश से।

विश्वासभाजन,

ह0 / –

(प्रो0 विजय कुमार यादव)

<u>अध्यक्ष, छात्र–कल्याण</u>

ज्ञापांक छा0क0– 48/24

दिनांक 20/06/2024

<u>प्रतिलिपि प्रेषितः–</u>

1. **कुलपति के सचिव / कुलसचिव / वित्त पदाधिकारी एवं परीक्षा नियंत्रक** के निजी सहायक, ल0 ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा को सूचनार्थ।
2. **जिला नोडल पदाधिकारी,** दरभंगा, मधुबनी, समस्तीपुर एवं बेगूसराय, ल0 ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा से अनुरोध है कि अपने–अपने जिला के सभी महाविद्यालयों में स्नातक प्रथम सेमेस्टर सत्र– 2024–28 में नामांकन का निगरानी (Monitoring) करेंगे ताकि नामांकन के समय किसी छात्र / छात्राओं को कोई परेशानी नहीं हो एवं अनियमितता को रोका जा सके, यदि नामांकन में किसी प्रकार की अनियमितता की जानकारी मिलो तो अपने स्तर से अविलम्ब कदम उठायेंगे तथा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय को भी सूचित करेंगे।
3. **नोडल पदाधिकारी / आई0टी0 सेल** (विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड हेतु) ल0 ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा।
4. **निदेशक**, यू0 एम0 आई0 एस0 सेल, ल0 ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ।

20/06/24

<u>अध्यक्ष, छात्र–कल्याण</u>

20/06/24